RAF SECTOR
NEWS CLIP
06/05/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Lok Mitra, Prayagraj, (UP)

आर ए एफ में भगवान बुद्ध की जयंती बड़े धूम धाम से मनाया गया

फाफामऊ। शांतिपुरम स्थित 101 आर ए एफ कैंप परिसर में भगवान बुद्ध की जयंती एवं बुद्ध पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।उक्त अवसर पर कमांडेंट मनोज कुमार गौतम द्वारा वाहिनी चिकित्सालय के समक्ष भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया। महोदय ने सभी कार्मिकों व उनके परिवार जनों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध ने अहिंसा प्रमोद वर्मा का संदेश का उपदेश तथा सत्य अहिंसा एवं एकता का पाठ पढ़ाया और कहा कि हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए इसके पश्चात सभी कार्मिकों एवं उनके परिवार जनों को प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर श्री नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी बृजेश कुमार दुबे उप कमांडेंट प्रदीप पाठक उप कमांडेंट टी एन सिंह उप कमांडेंट डॉ अशोक कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी अधिकारीगण एवं अधीनस्थ अधिकारी गण तथा जवान व उनके परिजन उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Nuh, (Haryana)

पुलिस ने आरएएफ के साथ साइबर अपराधियों को चेताया, फिर चलाया जाएगा बड़ा अभियान

साइबर ठगों और गोतस्करों को दबोचने की तैयारी लोगों से मदद की अपील

संवाद सहयोगी, फिरोजपुर झिरका : साइबर ठगों तथा गोतस्करों के विरुद्ध एक बार फिर से बड़ा अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। इस बार राजस्थान के भी सीमावर्ती गांव में रह रहे अपराधियों को भी पकड़ा जा सकता है। इसी तैयारी की तहत बृहस्पतिवार को आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के साथ पुलिस ने नगीना एवं फिरोजपुर झिरका के लगभग 12 गावों में फ्लैग मार्च किया। हरियाणा एवं राजस्थान की सीमा पर बसे कुछ गवों में भी फ्लैग मार्च किया गया। आरएएफ के अधिकारियों ने भौगोलिक, आपराधिक गतिविधियों की जानकारी लेकर गांव के लोगों से बातचीत कर मदद की अपील की गई है।

29 अप्रैल की रात पुलिस ने बड़े स्तर पर नूंह के कई गांव में छापेमारी कर 128 लोगों को पकड़ा था, जिसमें से 47 साइबर ठग थे। उनसे पूछताछ में कई और शातिर

29 अप्रैल को हुई बड़ी कार्रवाई में कई साइबर ठगों के नाम सामने आए हैं

12 गांवों में फ्लैग मार्च निकाल, ली गई भौगोलिक जानकारी

फिरोजपुर झिरका थाना प्रभारी दयानंद के साथ बीवां गांव मे पैदल मार्च करते आरएएफ के अधिकारी एवं जवान • जागरण

ठगों तथा अपराधियों के नाम समने आए हैं। इनकी पूरी जानकारी जुटाई जता रही है। पुलिस उन्हें भी दबोचने की तैयारी कर रही है।

आरएएफ की टीम ने नगीन थाना प्रभारी रतनलाल के साथ गांव कंसाली, अटेरना शमशाबाद, बड़कली चौक, मोहंखेड़ा, नंगल मुबारिकपुर में फ्लैग मार्च किया। हूटर बजाने के साथ गाड़ियों के काफिले का गांव में प्रवेश करने से ही लोगों के कान खड़े हो गए। एक बार तो गावों में कुछ व्यक्ति यह समझने लगे के फिर से पुलिस साइबर अपराधियों को दबोचने के लिए आई है। ऐसे में लोग सकते में आ गए। पुलिस अधिकारियों के गांव से जाने के बाद ही अपराधिक काम करने वाले ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वहीं, फिरोजपुर झिरका थाना प्रभारी दयानंद के साथ आरएएफ के जवानों ने हरियाणा एवं राजस्थान की सीमा पर लगते गांव बीवां, दौरक्खी, बसईमेव, घाटा शमशाबाद, अलीपुर तिगरा, कामेड़ा सहित कई गावों में फ्लैग पैदल मार्च किया।

एसपी नूंह वरुण सिंगला द्वारा आरएएफ के जवानों द्वारा गवों में करवाए गए फ्लैग मार्च से उन्होंने साफ संदेश दे दिया है कि क्षेत्र के अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साइबर अपराधियों, गोतस्करों एवं अन्य तरह के अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों को दबोचने के लिए पुलिस अपनी रणनीति बना रही है। इस अवसर पर आरएएफ ए-294 वाहिनी के सहायक कमांडेंट विक्रम कुमार, महेंद्र कुमार के साथ आरएएफ के जवान मौजूद रहे।

Dainik Miraj Bharat, Nuh, (Haryana)

कमांडेंट 194 के कमान अधिकारियों ने नूंह डीसी प्रशांत व एसपी वरुण सिंगला से की मुलाकात

जिले की भौगोलिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली

दैनिक मिराज भारत/मोहम्मद असलम

नूंह। बुधवार को श्री राकेश कुमार सिंह कमांडेंट 194 वीं वाहिनी द्रुत कार्यबल के दिशा-निर्देशानुसार ए/194 वाहिनी द्वारा परिचयीकरण अभ्यारत किया गया। इस संबंध में ए/194 के कमान अधिकारी श्री विजय कुमार सहायक कमांडेंट, श्री महेंद्र कुमार यादव सहायक कमांडेंट, निरीक्षक धनराज व निरीक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा कार्यालय उपायुक्त नूंह में उपायुक्त नूंह श्री प्रशांत पवार तथा कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह में पुलिस अधीक्षक नूंह श्री वरुण सिंगला व अन्य अधिकारियों से मुलाकात की, मुलाकात के दौरान माननीय उपायुक्त नूंह व पुलिस अधीक्षक नूंह से नूंह जिले की भौगोलिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा 1 सप्ताह के परिचित अभ्यास के लिए दिशा-निर्देश लिये।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।